हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 4 फरवरी 2026

11 डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषय: विक्रम



12 महिला कॉलेज में वार्षिक खेलकूद स्पर्धा में छात्राओं ने दिखाया दमखम



**खबर संक्षेप**

## कृषि यंत्रों पर अनुदान 16 फरवरी तक

**सिरसा।** सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान समैम स्कीम के तहत विभिन्न कृषि यंत्रों के लिए 16 फरवरी तक कृषि यंत्र लेने के लिए इच्छुक किसान विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। किसान परिवार पहचान पत्र से आवेदन कर सकते हैं। सहायक कृषि अभियंता विजय कुमार जैन ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के लिए किसान के नाम हरियाणा में ही रजिस्टर्ड ट्रैक्टर की वैध आरसी, पैन कार्ड की आवश्यकता होगी।

## ओढ़ा में श्रीराम कथा अमृत 8 फरवरी से

**ओढां।** श्री अखंड ज्योति हनुमान मन्दिर ओढ़ा में श्रीराम कथा अमृत का भव्य आयोजन श्री सालासर भंडारा ट्रस्ट एवं समस्त गांववासियों के सहयोग से किया जा रहा है। जिसमें सुप्रसिद्ध कथा व्यास परम श्रद्धेय आचार्य पवन कृष्ण सिरसा वाले प्रवचन करेंगे। जानकारी देते श्री सालासर भंडारा ट्रस्ट के प्रधान पवन बेनीवाल ने बताया कि यह कथा 8 फरवरी से 16 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 11:15 बजे से दोपहर 3:15 तक की जाएगी।

## युवक हेरोइन व ड्रग मनी सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए पुलिस टीम ने गश्त के दौरान डिंग मंडी क्षेत्र से स्कूटी सवार एक युवक को हजारों रुपए की 14 ग्राम 540 मिलीग्राम हेरोइन व 24 हजार रुपए की राशि सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सीआईए सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान विजय निवासी कुक्कड़ के रूप में हुई है।

### सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाने की सुगबुगाहट तेज

# जिले का कचरा भूना में डालने की तैयारी, फिर भड़के लोग

*सवाल : जब प्रस्ताव पास हो चुका है और जनप्रतिनिधि भी विरोध जता चुके हैं, तो फिर इस निर्णय को थोंपने की कोशिश क्यों*

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** शहरी एवं निकाय मंत्री विपुल गोयल को ज्ञापन देते हुए भूना नगरपालिका के चेयरपर्सन। *(फाइल फोटो)*

जिलेभर का कचरा भूना में लाकर सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाने की प्रस्तावित योजना एक बार फिर विवादों में घिर गई है। नगर पालिका चेयरपर्सन, पार्षदों और शहरवासियों ने इस योजना का पहले ही खुलकर विरोध किया था। भूना नगर पालिका हाउस की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर स्पष्ट कर दिया गया था कि भूना में किसी भी सूरत में जिलेभर का कचरा प्लांट नहीं लगाया जाएगा और इसके लिए नगर पालिका कोई भूमि उपलब्ध नहीं कराएगी। हाउस की बैठक में यह भी सहमति बनी थी कि यह प्रोजेक्ट न केवल पर्यावरण के लिए नुकसानदेह होगा, बल्कि शहरवासियों के स्वास्थ्य और जीवन गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल असर डालेगा। इसी कड़ी में नगर पालिका चेयरपर्सन अर्पणा पंकज पसरीजा ने शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल के समक्ष भी इस योजना का विरोध दर्ज कराया था। उन्होंने मंत्री को ज्ञापन सौंपकर भूना में जिलेभर का कचरा लाने वाले सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को निरस्त करने की मांग की थी। हालांकि अब एक बार फिर आधिकारिक स्तर पर सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाने की सुगबुगाहट तेज होने लगी है।

**फैसला वापस न हुआ तो सड़कों पर उतरेंगे लोग**

जैसे ही यह चर्चा शहर में फैली, लोगों में नाराजगी बढ़ गई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि भूना पहले से ही सीमित संसाधनों और बुनियादी सुविधाओं की चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे में पूरे जिले का कचरा यहां लाना शहर को कचरे का ढेर बनाने जैसा होगा। शहरवासियों का तर्क है कि कचरा प्रबंधन के नाम पर भूना को प्रयोगशाला नहीं बनने दिया जाएगा। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब हाउस की बैठक में प्रस्ताव पास हो चुका है और जनप्रतिनिधि भी विरोध जता चुके हैं, तो फिर इस निर्णय को थोंपने की कोशिश क्यों की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, अब शहर के लोग आंदोलन का रास्ता अपनाने की रणनीति बनाने में जुट गए हैं। सामाजिक संगठनों, व्यापार मंडलों और वार्ड स्तर पर बैठकें कर आगे की रूपरेखा तैयार की जा रही है। लोगों का साफ कहना है कि यदि जिले का कचरा भूना में लाने का फैसला वापस नहीं लिया गया, तो सडक़ों पर उतरकर शांतिपूर्ण लेकिन निर्णायक आंदोलन किया जाएगा। दरअसल इस योजना में सबसे बड़ी बात यह है कि वर्ष 2014 में जब मनोहर लाल खट्टर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार फतेहाबाद आए। उन्होंने यहां पर भूना नगरपालिका की 25 एकड़ जमीन पर सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाने की घोषणा की थी। धरातल पर इस योजना को सिरे चढ़ाने के प्रयास भी शुरू हो गए थे लेकिन नगरपरिषद अधिकारियों की मिसमैनेजमेंट के चलते एक भी एजेंसी इसका टेंडर लेने नहीं आई। चार बार टेंडर निकाले गए लेकिन इसमें कामयाबी नहीं मिली। 3 साल पूर्व इस प्लांट को हांसी स्थानांतरित करने की घोषणा कर दी लेकिन वहां भी तकनीकी पेंच के चलते इसे वापस भूना में ही लगाने का फैसला लिया गया।

### भूना में 25 एकड़ सरकारी जमीन उपलब्ध

प्रशासन की ओर से किए गए सर्वे में सामने आया कि भूना क्षेत्र में करीब 25 एकड़ सरकारी जमीन उपलब्ध है, जहां आधुनिक तरीके से कूड़ा निस्तारण किया जा सकता है। इसी आधार पर भूना को जिले का केंद्रीय डंपिंग प्वाइंट बनाने का निर्णय लिया गया। इस सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट पर 18 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। अधिकारियों का कहना है कि इतनी बड़ी जमीन होने के कारण यहां न केवल वर्तमान कूड़े का निस्तारण किया जा सकेगा, बल्कि आने वाले वर्षों में बढ़ने वाले कचरे को भी वैज्ञानिक ढंग से संभाला जा सकता है।

### अब जाने किस शहर में कितना निकल रहा कूड़ा

| शहर | कूड़ा निकल रहा |
|---|---|
| फतेहाबाद | 35 टन |
| टोहाना | 40 टन |
| रतिया | 24 टन |
| भूना | 15 टन |
| जाखल | 08 टन |



**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय में धरना देते पटवारी। *फोटो: हरिभूमि*

# हड़ताल: पटवारखानों पर लटके ताले, तीसरे दिन भी नहीं हुए काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

निलंबित पटवारियों को बहाल करने की मांग को लेकर पटवारियों की हड़ताल मंगलवार को भी जारी रही। हड़ताल के चलते मंगलवार को तीसरे दिन भी लोगों के कार्य लटके रहे। इस दौरान ई-दिशा व तहसील कार्यालयों में कामकाज ठप रहा। पटवारखानों पर ताले लटके रहे। सरकार के खिलाफ पटवारियों ने लघु सचिवालय में धरना देकर जमकर नारेबाजी की। पटवारियों की हड़ताल के चलते आम लोगों के कई तरह के कार्य प्रभावित हुए। इनमें आय, जाति, निवास प्रमाणपत्र, फर्द आदि के कार्य शामिल रहे। पटवारियों ने शुक्रवार को हड़ताल शुरू की थी। शनिवार और रविवार को सरकारी अवकाश के चलते लोगों के काम नहीं हो सके। सोमवार को पटवारियों ने हड़ताल को आगे बढ़ाने की घोषणा कर दी। उसी के तहत मंगलवार को भी पटवारी हड़ताल पर रहे। पटवारियों की हड़ताल के कारण लोगों के जरूरी कार्य अभी और लटकेंगे। लोग अपने काम लेकर पटवारखाने आए लेकिन हड़ताल के चलते उन्हें बैरंग लौटना पड़ा।


**प्रमुख मांग**

दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के प्रधान सुरेश कुमार ने बताया कि क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फसल खराबा की गलत रिपोर्ट के मामले में 6 पटवारियों के निलंबन के विरोध में पटवारियों व कानूनगो ने हड़ताल की। इस दौरान सभी पटवारी हड़ताल पर रहे। हड़ताल के दौरान किसी पटवारखाने पर काम नहीं हुआ। सुरेश कुमार ने बताया उनकी मांग पटवारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई को वापस लेना है। फसल खराबा की रिपोर्ट में पटवारियों का कोई कसूर नहीं है। उनके खिलाफ गलत कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि धरने के दौरान सरकार को चेतावनी दी गई कि पटवारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई को वापस नहीं लिया गया तो पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल करने के लिए मजबूर होंगे।

## अब शहद की भी होगी भावांतर भरपाई

**सिरसा।** हरियाणा सरकार द्वारा मधुमक्खी पालकों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है जिसके तहत अब भावांतर भरपाई योजना में शहद को भी शामिल किया गया है। सरकार द्वारा इस निर्णय से मधुमक्खी पालकों को शहद उत्पादन का उचित मूल्य सुनिश्चित किया जाएगा। यह योजना सरकार की अनूठी पहल है जिसके तहत बागवानी उत्पादकों को बाजार में उनके उत्पादों के लिए कम कीमत मिलने पर मुआवजा दिया जाता है। इसका उद्देश्य मूल्य अस्थिरिता के जोखिम को कम करना तथा किसान को फसल विविधीकरण के लिए प्रेरित करना है। सरकार द्वारा भावांतर भरपाई योजना के तहत शहद का संरक्षित मूल्य 120 रुपए प्रति किलोग्राम तय किया गया है। योजना का लाभ उठाने के लिए मधुमक्खी पालकों को अपने प्रत्येक मधुमक्खी बॉक्स पर पीपीपी आईडी के अंतिम चार अंक तथा उसके बाद सीरियल नंबर की आईडी अंकित करवाना अनिवार्य है।





# पहली बार सफेद बालों और मूछों में दिखे अनिल कपूर

**मुंबई।** अनिल कपूर बॉलीवुड के एवरग्रीन एक्टर कहे जाते हैं। 69 साल की उम्र में भी अनिल कपूर बेहद हैंडसम और फिट हैं। इस बीच अभिनेता अपने नए लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया है। सोशल मीडिया पर वह अक्सर फैंस के साथ अपने फिटनेस वीडियो भी शेयर करते हैं। हाल ही में अनिल कपूर ने अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया। उसमें वह सफेद बालों और मूछों में नजर आ रहे हैं और पोज दे रहे हैं। ये तस्वीर शेयर करते हुए अनिल कपूर ने कैप्शन में लिखा- 'कोई नहीं जानता.... आगे क्या होने वाला है।'



लाइफ Style

# तापसी
## एक बार फिर कोर्टरूम में

एजेंसी ▶▶| जयपुर

तापसी पन्नू एक बार फिर कोर्टरूम जॉनर में वापसी के लिए तैयार हैं। इस बार वह निर्देशक अनुभव सिन्हा के साथ आने वाली इन्वेस्टिगेटिव कोर्टरूम ड्रामा फिल्म अस्सी में नजर आएंगी। दमदार मोशन पोस्टर से मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, निर्माताओं ने फिल्म को सीधे दर्शकों तक ले जाने की शुरुआत कर दी है और इसकी शुरुआत जयपुर में एक खास ऑन-ग्राउंड शोकेस से हुई।

फिल्म की अनोखी प्रमोशनल स्ट्रेटेजी के तहत, तापसी पन्नू ने जयपुर मीडिया के साथ एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस की, वहीं टीम ने साथ ही बड़े पर्दे पर अस्सी का ट्रेलर भी दिखाया। अभिनेत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ ट्रेलर देखा, पत्रकारों, फैंस और डिजिटल क्रिएटर्स से सीधे संवाद किया और फिल्म तथा उसके सशक्त विषय पर अपने विचार साझा किए। अस्सी के मोशन पोस्टर ने अपने सख्त टोन और तात्कालिक संदेश के कारण पहले ही काफी उत्सुकता पैदा कर दी थी, जिसने एक हार्ड-हिटिंग सिनेमैटिक अनुभव की मजबूत नींव रखी। जयपुर दौरे ने इस उत्साह को और बढ़ाया, जहां दर्शकों ने फिल्म के तीव्र कोर्टरूम माहौल और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कहानी को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। तेज रफ्तार इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर के रूप में पेश की जा रही अस्सी, एक बिल्कुल नए तरह के कोर्टरूम ड्रामा के जरिए आगे बढ़ती है, जो देश में रोज़ाना दर्ज होने वाले लगभग अस्सी यौन उत्पीड़न मामलों की भयावह सच्चाई से प्रेरित है। फिल्म को एक अर्जेंट वॉच के तौर पर पोज़िशन किया जा रहा है, जो मजबूत महिला नायिकाओं के नेतृत्व में सामाजिक रूप से प्रासंगिक कहानियों के लिए बढ़ती दर्शक रुचि को दर्शाता है।

हॉलीवुड मसाला



# 'द डेविल वियर्स...' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** फरवरी 2026 की शुरुआत एक जबरदस्त खबर के साथ हुई है। साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 2006 की कल्ट क्लासिक फिल्म का यह सीक्वल करीब दो दशक बाद मेरिल स्ट्रीप, ऐनी हैथवे और एमिली ब्लंट की आइकॉनिक तिकड़ी को पर्दे पर वापस ला रहा है। ट्रेलर में, फैशन मैगज़ीन रनवे की एडिटर-इन-चीफ मिरांडा प्रीस्टली, मुश्किल में फंसे प्रिंट मीडिया सेक्टर में अपने एंटरप्राइज़ को फिर से ज़िंदा करने की कोशिश करेंगी।



# केट के बेटे एंडर्स ने रखा अभिनय की दुनिया में कदम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री केट विंसलेट के 22 वर्षीय बेटे जो एंडर्स भी अब अभिनय की दुनिया में कदम रख रहे हैं। जो एंडर्स के पिता केट के पूर्व पति सैम मेंडेस हैं। जो नई सीरीज 'केप फियर' में काम कर रहे हैं। केट ने बताया कि बेटे के इस दौर में वह उसे पूरा सहारा दे पा रही हैं। उन्होंने कहा कि उनका बेटा अभी उसी "री-एंट्री" के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में मां होने का एहसास फिर से बहुत गहराई से जाग जाता है। उन्होंने बताया कि वह बेटे को अच्छे खाने, सैर करने और आराम करने के लिए प्रेरित करती हैं। अगर बात करने का मन न हो या पूरा दिन बिस्तर में रहना चाहें, तो वह भी बिल्कुल ठीक है। केट का मानना है कि कभी-कभी कुछ न करना भी ठीक होता है और खुद को इसके लिए दोषी महसूस नहीं करना चाहिए।



# मैं कभी हार नहीं मानूंगी : पायल

**हैदराबाद।** साउथ फिल्म इंडस्ट्री की उभरती एक्ट्रेस पायल राजपूत ने अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानी के साथ अपने मजबूत इरादे को जाहिर किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि वह कभी हार नहीं मानेंगी। पायल ने स्पष्ट किया कि इंडस्ट्री में कुछ लोग उन्हें एक्टिंग छोड़ने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे दृढ़ हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, वे चाहते हैं कि मैं छोड़ दूं, और मैं खुद से सवाल करती हूं कि क्या मुझे ऐसा करना चाहिए। लेकिन फिर मैं पिछले 12 सालों में की गई कड़ी मेहनत के बारे में सोचती हूं। इसलिए मैं खुद से कहती हूं नहीं, मैं फेल हो सकती हूं, लेकिन हार नहीं मानूंगी। पायल ने लिखा कि एक्टर बनना सबसे मुश्किल करियर में से एक है।




# 'धुरंधर-2' का धमाकेदार टीजर आउट...

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' के सीक्वल 'धुरंधरः द रिवेंज' का ऑफिशियल टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर का सोशल मीडिया पर धमाल देखने को मिला। पहले पार्ट की जबरदस्त सफलता के बाद यूजर्स इस सीक्वल के लिए उत्साहित नजर आए। टीजर करीब 1 मिनट 12 सेकंड लंबा है, जिसमें रणवीर सिंह का इंटेंस और खूंखार लुक सामने आया है। वह दो अलग-अलग किरदारों में नजर आ रहे हैं, जिसमें गोलीबारी, मारकाट और हाई-वोल्टेज एक्शन से भरपूर सीन हैं। टीजर की लाइन खास तौर पर चर्चा में है-"ये नया हिंदुस्तान है, घर में घुसेगा भी और मारेगा भी।" फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर ने पहले पार्ट की तरह ही इस सीक्वल में भी एक्शन, थ्रिलर और इमोशनल ड्रामा का शानदार मिश्रण किया है।


# नए गाने की तैयारी में जुटी

*मुंबई। भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह अपने प्रोजेक्ट और सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। अभिनेत्री ने नए गाने का संकेत देते हुए तस्वीर शेयर की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। इसमें वे हाथ में कप लिए हुए, कंडेसर माइक्रोफोन के सामने खड़ी दिख रही हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट कर लिखा, रोज थोड़ा बेहतर बनने और सीखने की कोशिश।" अक्षरा की तस्वीर देख फैंस नए प्रोजेक्ट आने का अंदाजा लगा रहे हैं। उनका कहना है कि यह किसी नए गाने या म्यूजिक प्रोजेक्ट का संकेत हो सकता है। अक्षरा का नाम भोजपुरी सिनेमा में उन अभिनेत्रियों में शुमार है, जिन्होंने अपनी एक्टिंग और गायिकी से लाखों दिल जीते हैं। उनके गाने दर्शकों के बीच खूब पसंद किए जाते हैं। वहीं, अभिनेत्री भी किसी खास मौके से पहले गाना जरूर रिलीज करती हैं। अभी हाल ही में अक्षरा का एक नया गाना 'बालम जी' रिलीज हुआ था और इसे दर्शक भी काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेत्री ने साल 2010 में रवि किशन के साथ फिल्म 'सत्यमेव जयते' से शुरुआत की थी। अक्षरा 'बिग बॉस ओटीटी' समेत 'सर्विस वाली बहू', 'पोरस',*



# अपारशक्ति और तुलसी का गाना 'निक्की निक्की

*टी-सीरीज अपने प्रशंसकों के लिए अक्सर मजेदार गाने पेश करता रहता है। टी-सीरीज ने मंगलवार को अपने दर्शकों के लिए रोमांटिक सॉन्ग 'निक्की निक्की गल' रिलीज किया। इस गाने में एक बार फिर से अपारशक्ति खुराना और तुलसी कुमार की जुगलबंदी देखने को मिल रही है। गाने को दोनों ने मिलकर अपनी आवाज में गाया है और एक बार फिर प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। वहीं, साक्षी रत्ती ने गाना लिखने के साथ इसका संगीत भी तैयार किया है।*



**मुंबई।** टी-सीरीज ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने की जानकारी देते हुए एक क्लिप शेयर की, जिसके साथ उन्होंने लिखा, थोड़ी सी नाराजगी पर बहुत सारा प्यार। 'निक्की निक्की गल' गाना अब रिलीज हो गया है। गाने की कहानी बहुत प्यारी है। इसमें छोटी-छोटी बातों पर होने वाली नाराजगी को प्यार से सुलझाने की बात पर जोर दिया गया है। अपारशक्ति खुराना गाने में तुलसी कुमार को प्यार भरे अंदाज में समझाते नजर आते हैं कि छोटी नाराजगी पर इतना गुस्सा

# फिल्मी दुनिया के शुरुआती दिन बेहद कठिन

**मुंबई।** फिल्मी दुनिया में कई कलाकार ऐसे होते हैं, जो कैमरे के सामने तो मजबूत दिखाई देते हैं, लेकिन उनके भीतर एक लड़ाई चल रही होती है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर 2' के जरिए चर्चा में आई अभिनेत्री मेधा राणा भी उन्हीं कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने अपने अंदर चल रहे सवालों, असमंजस और आत्मसंदेह की जंग को जीतकर अपने ऊपर भरोसा करना सीखा और इस मुकाम तक का सफर तय किया। उन्होंने अपने जीवन में आए बदलावों पर बात की। मेधा राणा ने कहा, 'साल 2022 से लेकर अब तक उनके भीतर सबसे बड़ा बदलाव आत्मस्वीकृति और आत्मविश्वास का रहा है। मेधा ने कहा, 'जब मैंने मनोरंजन जगत में काम करना शुरू किया, तो



# इंडस्ट्री में कोई किसी का फ्रेंड नहीं: शुभांगी

मुंबई। टेलीविजन की मशहूर शुभांगी अत्रे इन दिनों आगामी फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच अभिनेत्री ने इंडस्ट्री में फ्रेंडशिप को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। शुभांगी ने कहा कि इस इंडस्ट्री में कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है। शुभांगी ने कहा, देखिए, यहां पर कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है, क्योंकि यहां पर लोगों में कॉम्पीटिशन और एक दूसरे को लेकर इंसीक्योरिटी बहुत ज्यादा है। जब एक शो चलता है, तब आप बहुत अच्छे दोस्त होते हैं, लेकिन जैसे ही आप उस शो से निकलते हैं, वो रिश्ते पीछे छूट जाते हैं। फिर आप अपनी जिंदगी की एक नई यात्रा शुरू करते हैं। मुझे लगता है कि एक एक्टर होने की सबसे अच्छी बात ये है कि आप खुद को लगातार खोजते और समझते रहते हैं। शुभांगी ने कहा, इसलिए यहां बेस्ट फ्रेंड जैसा कोई कॉन्सेप्ट नहीं है। हां, इतना जरूर है कि जब तक हम साथ काम करते हैं, तब हम एक परिवार की तरह रहते हैं।



## भारतीय कलाकारों ने दिखाई मजबूत दावेदारी

# ग्रैमी अवॉर्ड में पुरस्कार से चूके भारतीय

*लॉस एंजिल्स। संगीत जगत के ऑस्कर के नाम से मशहूर ग्रैमी अवॉर्ड्स के 68वें सीजन का आयोजन लॉस एंजिल्स में हुआ। इस बार कई भारतीय कलाकारों ने अपनी मजबूत दावेदारी दिखाई। हालांकि, वे पुरस्कार पाने में असफल रहे। इस बार ग्रैमी में कोई भी भारतीय कलाकार जीत नहीं सका। हालांकि, भारत का ग्रैमी इतिहास गौरवशाली रहा है। पंडित रवि शंकर से लेकर उस्ताद जाकिर हुसैन तक कई महान कलाकारों ने यह सम्मान अपने नाम कर भारत का परचम लहराया है।*

### अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर रचा इतिहास

साल 2026 में भारतीय दावेदारों को जीत नहीं मिली, जबकि नामांकन सूची में तीन भारतीय नाम शामिल थे। पंडित रवि शंकर की बेटी और सितार वादक अनुष्का शंकर को ग्रैमी में दो नामांकन मिले थे। उनको सहयोगी ईपी चैप्टर आईआईआई वी रिटर्न टू लाइट को आलम खान और सरथी कोरवार के साथ बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक डेब्रेक को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में नॉमिनेशन मिला था। अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर इतिहास रचा, लेकिन दोनों श्रेणियों में वे जीत से चूक गईं।

### चारू सूरी का पहला नामाकंन

ग्रैमी नॉमिनेशन में इंडो-अमेरिकी जैज पियानिस्ट चारू सूरी का नाम भी शामिल रहा। उन्होंने पहली बार नामांकन हासिल किया। उनका एल्बम श्यान बेस्ट कंटेम्परेरी



इंस्ट्रुमेंटल एल्बम में शामिल था। इसके साथ ही फ्यूजन बैंड शक्ति (शंकर महादेवन, जॉन मैकलॉघलिन, गणेश राजगोपालन और वी. सेल्वागणेश के बैंड) को दो नामांकन मिले। उनका लाइव एल्बम माइंड एक्सप्लोसन बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक शेरनी ड्रीम बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में था। शक्ति ने पहले भी ग्रैमी जीते हैं, लेकिन इस बार सफलता नहीं मिली।

### भारतीय संगीत की बढ़ती ताकत

सिद्धांत भाटिया का एल्बम साउंड ऑफ महाकुंभ भी बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में नामांकित था, जो

## खबर संक्षेप

### छह दिन से चल रहा धरना आश्वासन के बाद स्थगित

**डबवाली।** क्षेत्र की केशव ढाणी और गंगा गांव के ग्रामीणों ने पुजारी पर हुए हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर श्री हनुमान मंदिर के प्रांगण के सामने धरना दिया। छह दिन से जारी यह धरना मंगलवार को पुलिस के आश्वासन के बाद अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया। ग्रामीणों ने पुलिस को मंगलवार शाम तक हमलावरों को गिर तार करने का अल्टीमेटम दिया है। धरने पर बैठे कमलेश शर्मा ने बताया कि यह घटना 28 जनवरी को हुई थी।

### अवैध होर्डिंग लगाने पर खटखटाई सीएम विंडो

**सिरसा।** शहर के रोड़ी गेट निवासी जतिन गोयल ने हुडा सेक्टर में अवैध होर्डिंग लगाने सीएम विंडो खटखटाई है। उन्होंने कहा कि हुडा सेक्टर में जगह-जगह अवैध रूप से होर्डिंग्स, यूनिपोल, फ्लैक्स लगाए गए है। कई जगह विभिन्न स्कूलों अथवा व्यापारिक प्रतिष्ठानों के पक्के व मजबूत प्रवेश द्वार पर विज्ञापन पट्ट लगाए गए है। हुडा सेक्टर की हरियाली को प्रभावित किया जा रहा है। हुडा सेक्टर में लगाए गए होर्डिंग्स व फ्लैक्स के मामले में न तो किसी महकमे से अनुमति ली गई है और न ही किसी प्रकार का शुल्क अदा किया गया है।

### 11.61 लाख की हेराफेरी में पूर्व मैनेजर पर केस

**सिरसा।** हिसार रोड स्थित ओएचएम सिने गार्डन से स्टॉक हेराफेरी का सनसनीखेज मामला सामने आते ही व्यापारिक जगत में हडक़ंप मच गया है। मामले के अनुसार ओएचएम सिने गार्डन परिसर में संचालित एक स्टोर में करीब 11 लाख के घरेलू सामान की गड़बड़ी पाई गई है। शिकायतकर्ता ओएचएम प्रबंधक प्रवीण कुमार ने पुलिस को बताया कि स्टोर के पूर्व मैनेजर अमरीक सिंह निवासी भावदीन ने नौकरी छोडऩे के बाद स्टॉक का पूरा हिसाब नहीं दिया। कंपनी द्वारा कराए गए ऑडिट के दौरान स्टोर रिकॉर्ड की बारीकी से जांच की गई, जिसमें 407 पीस घरेलू सामान कम पाए गए।

### संस्था ने 110 जरूरतमंदों को बांटा राशन

**सिरसा।** जनकल्याण न्यास द्वारा मासिक राशन वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि डॉ. आशीष खुराना ने शिरकत की। इस अवसर पर डॉ. आशीष खुराना ने न्यास द्वारा किए जा रहे समाजसेवी कार्यों की प्रशंसा की तथा अपनी ओर से भी हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों के काम आना सबसे बड़ी सेवा है और इस सेवा से सुखद अहसास की अनुभूति होती है। इस अवसर पर मुख्यातिथि व विशिष्ठ अतिथियों ने 110 जरूरतमंदों को राशन वितरित किया।

### जम्मू के भ्रमण से लौटी मेरा युवा भारत टीम

**सिरसा।** मेरा युवा भारत द्वारा अंतर राज्य युवा अदान प्रदान कार्यक्रम का आयोजन जम्मू में किया गया था। इस कैंप में सिरसा के राहुल, संदीप अहमदपुर, गौरव कुमार, राकेश, सुमित शर्मा, सत्या झोरड़, चेतन्या ने भाग लिया। इस कैंप का मुख्य उदेशय जम्मू की संस्कृति, भाषा,खेती, रहन सहन आदि के बारे में जानना था। इस कैंप में हरियाणा के 5 जिले के 37 युवाओं को शामिल किया गया था। मेरा युवा भारत जम्मू के डिप्टी डायरेक्टर नितिन ने पूरी टीम को प्रमाण पत्र देकर समानित किया।

### नप चेयरमैन झूठी वाहवाही लेने के प्रयास में : शर्मा

**सिरसा।** नगरपरिषद चेयरमैन द्वारा अतिक्रमण को लेकर बाजारों का दौरा करने पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। शर्मा ने कहा कि नप चेयरमैन झूठी वाहवाही लूटने का प्रयास कर रहे हैं। अगर वे लोगों की परेशानियों व समस्याओं को लेकर इतने ही संजीदा हैं तो उन्हें शहर के वो तमाम बाजारों व गलियों का दौरा करना चाहिए, जो उखाड़ कर छोड़ दी गई हैं। अपने दौरे के समय उन्हें पार्टी के पार्षदों को भी साथ लेना चाहिए। राजकुमार शर्मा ने कहा कि उखाड़ी गई उबड़-खाबड़ सड़कों से लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है।

## चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में विस्तार व्याख्यान का आयोजन

# डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषयः प्रो. विक्रम

### कमजोर पासवर्ड का प्रयोग डाल देता है खातों को जोखिम में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मनोविज्ञान तथा फार्मेसी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में साइबर सुरक्षाः जागरूकता, चुनौतियां और सुरक्षित डिजिटल प्रथाएँ विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर विक्रम सिंह ने बतौर मुख्य वक्ता बोलते हुए कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बन चुका है। साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए आमजन, विशेषकर विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने साइबर सुरक्षा से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मैलवेयर और वायरस जैसे सॉफ्टवेयर कंप्यूटर व मोबाइल उपकरणों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, फ़िशिंग जैसे साइबर हमलों के माध्यम से अपराधी व्यक्तिगत एवं गोपनीय जानकारी प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। कमजोर पासवर्ड का प्रयोग भी ऑनलाइन खातों को जोखिम में डाल देता है।


सिरसा। विद्यार्थियों को संबोधित करते प्रो. विक्रम सिंह।

#### संदिग्ध लिंक से बचें

प्रोफेसर सिंह ने सुरक्षित डिजिटल प्रथाओं को अपनाने पर बल देते हुए कहा कि मजबूत और अद्वितीय पासवर्ड का उपयोग, दो-कारक प्रमाणीकरण को सक्षम करना तथा संदिग्ध या अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से बचना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि साइबर सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयास एवं नवीनतम खतरों तथा सुरक्षा उपायों की जानकारी रखना अनिवार्य है। इस अवसर पर उन्होंने अपने तीन दशक से अधिक के अनुभव साझा किए तथा साइबर अपराधों से संबंधित भारतीय कानून प्रणाली पर भी विस्तार से चर्चा की।

### अहलीसदर स्कूल में बच्चों को साइबर सुरक्षा, डिजिटल अरेस्ट और स्वस्थ जीवनशैली की दी जानकारी

फतेहाबाद। जन-जागरूकता अभियान के तहत जिला पुलिस द्वारा स्कूल के बच्चों को साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा नशा मुक्ति को लेकर लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना साइबर सेल फतेहाबाद में तैनात महिला सहायक उपनिरीक्षक सुनीता के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा गांव अहलीसदर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों को साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं और उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जागरूकता अभियान के दौरान बच्चों को बताया गया कि किस प्रकार फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग, फेक लिंक और ऑनलाइन ठगी के माध्यम से साइबर अपराधी लोगों को निशाना बना रहे हैं। बच्चों को यह भी समझाया गया कि किसी भी अनजान कॉल, मैसेज या लिंक पर भरोसा न करें और अपनी निजी जानकारी, बैंक डिटेल या ओटीपी किसी के साथ साझा न करें। इस दौरान डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर फ्रॉड तरीकों के बारे में भी विशेष रूप से जागरूक किया गया, जिसमें ठग स्वयं को पुलिस या सरकारी अधिकारी बताकर वीडियो कॉल के माध्यम से


**फतेहाबाद।** गांव अहलीसदर में बच्चों को जागरूक करते थाना साइबर सेल में तैनात महिला सहायक उपनिरीक्षक सुनीता।

डराने-धमकाने की कोशिश करते हैं। बच्चों को स्पष्ट किया गया कि इस प्रकार का कोई भी कॉल आने पर घबराने की आवश्यकता नहीं है और तुरंत साइबर हेल्पलाइन या नजदीकी पुलिस थाना से संपर्क करना चाहिए।


सिरसा। यूजीसी के समर्थन में ज्ञापन सौंपते हुए।

# यूजीसी कानून के समर्थन में सौंपा ज्ञापन

### विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सरकार द्वारा लागू किए गए यूजीसी कानून के समर्थन में लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी हरियाणा के बैनर तले विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को उपायुक्त को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। राज्यपाल के नाम सौंपे गए ज्ञापन में संगठन पदाधिकारियों रामस्वरूप धोलपालिया, दाऊद सिंह, रामजीलाल सैनी, सुरजीत ढाणी शेरां, सुखदेव सिंह ढाणी शेरां, महेंद्र सैनी, राजकुमार सैनी, मोहनलाल सैनी, हरीश सैनी, प्रेम सैनी, रजत सैनी, निरंजन सैनी, चिरंजीलाल सैनी, राजकुमार रोहलीवाल, डॉ. केसी कंबोज, मनीराम बहलान, हरियाणा पिछड़ा वर्ग कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. आरसी लिंबा, वरिष्ठ नेता राजकुमार नागर ने संयुक्त रूप से बताया कि बीती 13 जनवरी को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने एक नया समता के संवर्धन से संबंधित विनियम-2026 लागू किया। यह नियम भारत के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों पर लागू होता है और इसका मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में जाति आधारित और अन्य प्रकार के भेदभाव को रोकना है।

#### किस वर्ग से कितने मेंबर होंगे, स्पष्ट करवाएं

*यह कमेटी ओबीसी-एससी समाज के अभियर्थियों के लिए नौकरी व प्रमोशन में भेदभाव रोकने के लिए बनाई जा रही है, इसको लेकर स्वर्ण समाज के लोग मिथ्या प्रचार कर रहे हैं कि इस कमेटी से ओबीसी समाज के लोग स्वर्ण समाज के लोगों को एससी एक्ट की तरह इस्तेमाल करेंगे, जबकि अभी यूजीसी कमेटी में निजी शिकायतों का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने ज्ञापन में राष्ट्रपति से मांग की है कि यूजीसी कमेटी में किस वर्ग से कितने-कितने मेंबर होंगे, प्रधानमंत्री यह स्पष्ट करवाएं। लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी ने यह भी मांग की है कि यूजीसी कमेटी में एससी, एसटी व ओबीसी और माइनॉरिटी के मेंबर की संख्या अधिक हो, ताकि अभियार्थियों को भेदभाव-मुक्त समानता, पारदर्शिता का बेहतर अकादमिक माहौल मिल सके।*

उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में विश्वविद्यालयों और कॉलेजों एससी व ओबीसी समुदाय के अभियर्थियों के साथ भेदभाव, उत्पीड़न और असमान अवसरों से जुड़े मामलों में वृद्धि देखी गई।

# विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने का आह्वान

### पुलिस ने जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

डबवाली की पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने चौधरी देवी लाल स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी पन्नीवाला मोटा में युवाओं को नशे, साइबर अपराधों एवं सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। इस दौरान कॉलेज परिसर में पुलिस द्वारा एक समग्र जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को नशा उन्मूलन, साइबर अपराधों से बचाव तथा महिला विरुद्ध अपराधों व महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डा. जगदीश कुमार, श्याम सुंदर उप प्रधानाचार्य, सुशील बाना, डा. रजनी कम्बोज, सुनील मेहता व विद्यार्थियों द्वारा पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी सोच, आपका आत्मविश्वास और आपके आज के निर्णय ही आने वाले कल का निर्माण करते हैं।


**सिरसा।** इंजीनियरिंग कॉलेज मे पुलिस अधीक्षक का स्वागत करते हुए प्रधानाचार्य।

### फिटिंग का सामान लेकर भुगतान न करने के मामला में आरोपी काबू

फतेहाबाद। व्यापारिक लेन-देन के दौरान सामान लेकर भुगतान न करने के एक मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान जयदीप गिल, पुत्र धर्म कुमार, निवासी भाणीवाला, मूनक (पंजाब), वर्तमान निवास बस अड्डे के निकट, जुलाना, जिला जींद के रूप में हुई है। थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 8 दिसंबर 2025 को पुलिस को शिकायत प्राप्त हुई। शिकायतकर्ता हिमांशु जैन पुत्र अमृत जैन निवासी प्रेम नगर, टोहाना ने बताया कि 20 मार्च 2025 को उनकी फर्म द्वारा आरोपी की फर्म पंजाब पाइप फैक्ट्री स्टोर, जुलाना को पाइप व फिटिंग का सामान सप्लाई किया गया था, जिसकी कुल कीमत 5 लाख 67 हजार 699 रुपये थी।

# प्राथमिक शिक्षा सुदृढ़ करने पर दिया जोर

### निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को सुदृढ़ करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि अध्यापकों की भूमिका राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों में पढ़ने, लिखने और गणितीय समझ विकसित करने के लिए निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि निपुण हरियाणा मिशन प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण और आधारभूत शिक्षा उपलब्ध कराना है।


**फतेहाबाद।** समीक्षा बैठक में निर्देश देते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती।

### हेरोइन बरामदगी मामले में सप्लायर युवक काबू

सिरसा। पुलिस ने 6 ग्राम 26 मिलीग्राम हेरोइन बरामदगी मामले में सप्लायर आरोपी को ऐलनाबाद सिरसा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि बीती 1 जनवरी 2026 को सीआईए ऐलनाबाद की एक टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ऐलनाबाद क्षेत्र से आरोपी राहुल उर्फ बिल्लियां पुत्र जग्गा सिंह निवासी वार्ड नंबर 5 ऐलनाबाद को 6 ग्राम 26 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उक्त हेरोइन सोनू उर्फ जॉनी पुत्र कर्मसिंह निवासी वार्ड नंबर 5 ऐलनाबाद से लेकर आया था। ऐलनाबाद थाना प्रभारी प्रगट सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना ऐलनाबाद में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

# नशा तस्कर की 64 लाख की अवैध संपत्ति फ्रीज

### आरोपी के खिलाफ आठ अभियोग दर्ज, राजस्थान की जेल में बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

पुलिस ने एक नशा तस्कर की करीब 64 लाख रुपये की संपत्ति फ्रीज की है। आरोपी के खिलाफ नशा तस्करी के आठ अभियोग दर्ज हैं और वह राजस्थान के एक जेल में बंद है। डीएसपी संदीप धनखड़ ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस सख्त है और अवैध तरीके से की गई काली कमाई को फ्रीज किया जा रहा है। कालांवाली के डीएसपी धनखड़ ने बताया कि आरोपी चरणजीत व गुरजीत सिंह को पुलिस ने 402 ग्राम हेरोइन सहित कालांवाली क्षेत्र से काबू किया था। उन्होंने बताया कि आरोपी चरणजीत के खिलाफ आठ अभियोग दर्ज हैं, जिसमें से सात कालांवाली तथा एक राजस्थान के चुरू में दर्ज है। छह मामले न्यायाय में विचाराधीन हैं। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के दौरान थाना कालांवाली व प्रॉपर्टी अटैचमेंट सेल, पुलिस द्वारा एनडीपीएस अधिनियम के तहत आरोपी की आय और संपत्तियों की गहन वित्तीय जांच की गई । जांच में स्पष्ट हुआ कि आरोपी की संपत्तियां उसकी वैध आय से कई गुना अधिक और पूरी तरह अवैध हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी लंबे समय से नशा तस्करी में संलिप्त रहा है बड़ी मात्रा में अवैध संपत्ति जुटाई है।

#### चार अन्य तस्करों पर भी कार्रवाई

डीएसपी ने बताया कि पूर्व चार अन्य नशा तस्करों की लाखों रुपये की संपत्ति अटैच की गई हैं, जिनमें बीते दिसंबर माह में आरोपी पमलिंद्र सिंह (अनुमानित संपत्ति करीब साढ़े 52 लाख रुपये), इकबाल सिंह (करीब सात लाख रुपये), जसविंद्र सिंह (करीब सात लाख रुपये) व हरगोविंद (करीब पांच लाख रुपये) शामिल हैं। डीएसपी ने बताया कि पुलिस की नशा तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति हैं। अब तस्करों को सिर्फ जेल भेजना ही काफी नहीं है, उनकी अवैध कमाई से बनी हर संपति को



कानून के तहत जब्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कई अन्य नशा तस्कर पुलिस की रडार पर हैं और उनके खिलाफ भी इसी तरह की कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी 6 से 8 तक

# पशुपालकों के लिए किया प्रतिदिन 5 बसों का प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पशुपालन एवं डेरिंग विभाग, हरियाणा द्वारा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड मेला मैदान, कुरुक्षेत्र में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी का आयोजन 6 फरवरी से 8 फरवरी तक किया जा रहा है। इस पशु प्रदर्शनी में उत्तम नस्ल के गाय, भैंस, भेड़, बकरी, ऊंट, घोड़े की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कुल 53 श्रेणी में इन विजेता पशुओं को इनाम दिए जाएंगे। प्रदर्शनी में पशुपालकों को भेजने के लिए सरकार द्वारा जिला फतेहाबाद के लिए प्रतिदिन 5 बसों का प्रबंध किया गया है, जिनमें पशुपालक कुरुक्षेत्र पशु प्रदर्शनी में निशुल्क यात्रा कर सकते हैं। पशुपालन विभाग के उप निदेशक डॉ. सुखविंद्र सिंह ने बताया कि 6 फरवरी को फतेहाबाद, रतिया, टोहाना, भट्टू कलां व नंगल से 5 बसें भेजी जाएंगी। इसी प्रकार से 7 फरवरी को जाखल, नागपुर, नांगला, नहला व बोदीवाली के पशुपालकों को भेजा जाएगा। 8 फरवरी को गांव ठुईयां, बहबलपुर, बीघड़, भूना, खाबड़ा कलां के पशुपालक पशु मेले में जाएंगे।

# खेल नर्सरी योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

### खेलों को बढ़ावा देना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग, हरियाणा की ओर से खेल नर्सरी योजना 2026-27 के तहत खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकारी स्कूल, ग्राम पंचायत एवं निजी शिक्षण संस्थानों से खेल नर्सरी स्थापित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी निर्धारित की गई है। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने इस बारे जानकारी देते हुए बताया कि खिलाडिय़ों ने अपनी खेल प्रतिभा से प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दी है। इसी खेल शक्ति को और अधिक सशक्त बनाने तथा नई खेल प्रतिभाओं को उभारने के लिए राज्य सरकार सदैव प्रयासरत है। सरकार की इस योजना का उद्देश्य राज्य में प्रारंभिक रूप से खेलों को बढ़ावा देने तथा ग्रास रुट लेवल पर खेल प्रतिभाओं को उभारना है। प्रदेश में खेल से जुड़े संसाधनों का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खेल प्रदेश में खेलों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से खेल विभाग ने प्रदेश भर में खेल नर्सरियां सरकारी स्कूल, ग्राम पंचायत एवं निजी शिक्षण संस्थानों आदि को अलॉट की जानी है।

## आपात स्थिति से निपटने को पुलिस की मॉक ड्रिल

# कानून तोड़ने वालों से सख्ती से निपटा जाए: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा के पुलिस लाइन में मंगलवार को पुलिस जवानों को आपातकालीन स्थिति एवं विषम परिस्थितियों से निपटने एवं जिला में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मॉक ड्रिल का अभ्यास करवाया गया। एसपी दीपक सहारण ने पुलिस जवानों को संबोधित करते हुए सिरसा जिला में कानून व्यवस्था बनाए रखने लिए आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आमजन के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर उनका सहोयग लें अथवा कानून से खिलवाड़ करने वाले आपराधिक किस्म के लोगों से सख्ती से निपटा जाए।


**सिरसा।** मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस जवानों को संबोधित करते एसपी।

**आपदा प्रबंधन की दी जानकारीः** पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सिरसा पुलिस हर प्रकार की विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए पूर्ण रूप से सक्षम है। उन्होंने बताया कि आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पुलिस जवानों को समय-समय पर इस प्रकार की ड्रिल करवाई जाती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी समय-समय पर इस प्रकार के अभ्यास जारी रहेंगे। ड्रिल अभ्यास के साथ-साथ जवानों को आपदा प्रबंधन के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

#### जवानों को करवाया अभ्यास

एसपी ने पुलिस जवानों को बताया कि यदि किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति उत्पन्न हो जाती है तो उससे निपटने के लिए पुलिस जवानों को क्या करना चाहिए तथा किस प्रकार से स्थिति पर नियंत्रण में करना चाहिए आदि के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए अभ्यास भी कराया। उन्होंने प्रशिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी पुलिस जवानों को दंगा निरोधक उपकरण जैसे लाठी, डंडा, केन-शील्ड, आंसू गैस तथा वाटर कैनन आदि का बारीकी से अभ्यास करवाएं एवं दंगा निरोधक उपकरणों के रखरखाव के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दें। इस अवसर पर आधुनिक दंगा निरोधक उपकरणों एवं साजोसामान से सुसज्जित जवानों ने पुलिस लाइन में अभ्यास किया।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे का आरोपी बस चालक गिरफ्तार

**रतिया।** लाली रोड पर हुए सडक़ हादसे में मां-बेटे की मौत के मामले में रतिया पुलिस ने आरोपी बस चालक को गिरफ्तार कर लिया है।



पकड़े गए चालक की पहचान शेर सिंह उर्फ राजबीर पुत्र कश्मीर सिंह निवासी अहरवां के रूप में हुई है। थाना प्रभारी पुष्पा ने बताया कि 2 फरवरी को लाली रोड रतिया पर सडक़ दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसमें एक बस द्वारा मोटरसाइकिल को टक्कर मारने से दो व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां बड़ी संख्या में लोग एकत्रित मिले।

### स्कूल से घर लौट रही नाबालिग से छेड़छाड़

**फतेहाबाद।** स्कूल से लौट रही नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के एक मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी युवक को काबू किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि 1 फरवरी को पुलिस चौकी सेक्टर-3, हुड्डा, फतेहाबाद में एक शिकायत प्राप्त हुई थी। इसमें शिकायतकर्ता ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ की घटना से पुलिस को अवगत कराया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी पुत्री 31 जनवरी को सायं लगभग 3:30 बजे स्कूल से घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में पड़ोस में चिनाई का कार्य कर रहे एक युवक ने उसे अकेला पाकर उसका हाथ पकड़ लिया।

### शराब ठेके पर मारपीट में छठा आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** शराब ठेके पर मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक अन्य युवक को गिरफ्तार किया है। इससे पहले इसी मामले में पुलिस द्वारा पांच आरोपियों को पहले ही काबू किया जा चुका है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि काबू किए गए युवक की पहचान साहिल उर्फ विशाल पुत्र अशोक कुमार निवासी शक्ति नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई।

### मोटरसाइकिल चोरी में युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक युवक को काबू किया है। थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 29 जनवरी को थाना शहर टोहाना में एक शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता जगसीर सिंह पुत्र गमदूर सिंह, निवासी भाटिया नगर, टोहाना ने बताया कि उसने 17 जनवरी को अपनी मोटरसाइकिल को पंजाब मेडिकल हाल, चंडीगढ़ रोड, एचडीएफसी बैंक के सामने टोहाना में खड़ी की थी, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया।

### विश्व कैंसर दिवस पर किया जागरूक

**टोहाना।** भूना रोड स्थित हैरिटेज स्कूल ऑफ नर्सिंग में विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता रजत सोसायटी के चेयरपर्सन डॉ. शिव सचदेवा द्वारा की गई। प्राचार्या परमजीत कौर ने कैंसर के बचाव बताए।

---

### महिला कॉलेज में 26वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता, दौड़ व शॉटपुट में छात्राओं ने दिखाया दमखम

# पांच हजार मीटर में सोनिया और पंद्रह सौ मीटर में काजल सबसे तेज दौड़ी, आठ सौ मीटर में भतेरी ने सबको पछाड़ा

- छात्रा सोनिया ने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना की शपथ दिलाई
- आयोजको ने विजेता प्रतिभागियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** महिला कॉलेज, भोडिया खेड़ा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में 26वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. शत्रुजीत सिंह के मार्गदर्शन तथा खेलकूद संयोजिका डा. लखबीर कौर के संयोजन में आयोजित प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास के साथ खेल भावना को सुदृढ़ करना रहा। प्रतियोगिता का शुभारंभ विभिन्न संकायों की छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट के माध्यम से किया गया। कला, वाणिज्य, विज्ञान संकाय तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं अर्थशास्त्र, हिंदी, इंग्लिश, राजनीतिक विज्ञान, मनोविज्ञान, संस्कृत एवं एमकाम की छात्राओं ने अनुशासनबद्ध मार्च पास्ट करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी। इसके उपरांत स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष की छात्रा सोनिया ने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना की शपथ दिलाई। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता के प्रथम दिवस में 5000 मीटर दौड़ में स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष की सोनिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि काजल द्वितीय तथा ममता व नेहा बीए प्रथम वर्ष संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। 1500 मीटर दौड़ में काजल प्रथम, सोनिया द्वितीय तथा जमना बीए प्रथम वर्ष तृतीय स्थान पर रहीं। द्वितीय दिवस में 800 मीटर दौड़ में भतेरी बीए प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि काजल द्वितीय एवं सोनिया देवी तृतीय स्थान पर रही। शाटपुट प्रतियोगिता में एमए प्रथम वर्ष की रिंकू ने प्रथम, भतेरी ने द्वितीय तथा मुस्कान ने तृतीय स्थान हासिल किया।

#### खेलों को बताया जीवन का अभिन्न हिस्सा

प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह ने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग हैं। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। आज खेलों के माध्यम से रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। इस अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विजय सिंह, डॉ. गुरनाम चंद, डॉ. भारत भूषण, असिस्टेंट प्रोफेसर पवन कुमार, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. कविता, डॉ. भरत लाल, डॉ. राजीव, रोहित, डॉ. सुमित्रा, डॉ. रीटा, एनएसएस प्रभारी डॉ. शकुंतला सिहाग व रमन, सहायक प्राध्यापक सोनिया गुप्ता, मीनाक्षी, प्रीति, गगनदीप कौर, संदीप कुमार, सारिका सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ व बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

---

### 7वीं नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में छाए फतेहाबाद के खिलाड़ी, मेडल जीतकर जिले का नाम चमकाया

**फतेहाबाद।** अजमेर में हुई 7वीं नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में फतेहाबाद के वरिष्ठ खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विभिन्न खेलों में बाजी मारी है। हैफेड विभाग में कार्यरत रूपेश शर्मा, वरिष्ठ धावक कामरेड जोगिंदर सिंह बीघड़, कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व मैनेजर हरजिंदर सिंह जिंदी और डॉ. इंद्रजीत सिंह ने पदक जीतकर जिले का नाम चमकाया है। हैफेड विभाग फतेहाबाद में कार्यरत नेटवर्क सुपरवाइजर रुपेश शर्मा ने इस चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पोल वॉल्ट और जैवलिन थ्रो में दो गोल्ड मेडल जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। रुपेश शर्मा की यह उपलब्धि उनकी पिछले 7 वर्षों की निरंतर मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। खेल के प्रति उनके जुनून का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले कई सालों से वे अपनी कमियों को सुधार रहे थे। इस बार नेशनल चैंपियनशिप में उन्होंने स्वर्ण पदक पर निशाना साधते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। रुपेश की इस दोहरी सफलता पर हैफेड के कर्मचारी वर्ग में भारी उत्साह है। कर्मचारियों ने विभाग के उच्च अधिकारियों से अपील की है कि रुपेश शर्मा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया जाए ताकि उनकी खेल भावना और हौसला बना रहे। इसके अलावा जिले के प्रख्यात धावक जोगिंदर सिंह बीघड़ ने इस चैम्पियनशिप में अपनी अद्भुत खेल क्षमता का प्रदर्शन करते हुए ट्रैक स्पर्धाओं में कुल तीन पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। जोगिंदर सिंह ने प्रतियोगिता के दौरान तीन श्रेणियों में अपनी धाक जमाई। उन्होंने 1500 मीटर दौड़ में कड़े संघर्ष के बाद सिल्वर मेडल, 5000 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन कर पदक जीता वहीं 10 हजार मीटर दौड़ में भी अपना दबदबा कायम रखते हुए पदक हासिल किया। इसके अलावा कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व मैनेजर हरजिंदर सिंह जिंदगी ने पोल वॉल्ट में शानदार प्रदर्शन कर स्पेशल मेडल अपने नाम किया वहीं डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने भी लोंग जम्प में स्पेशल मेडल जीता।



7वीं नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में विजेता खिलाड़ी।

---

### महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# 400 मीटर की हुई रेस, पूजा दौड़ी सबसे तेज

**सिरसा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मंगलवार को स्थानीय शहीद भगत सिंह स्टेडियम में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न हिस्सों से आई महिलाओं ने बढ़ चढकर भाग लेते हुए प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला परिषद के सीईओ डा. सुभाष चंद्र ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी हैं, चाहें वह खेल का मैदान हो या आसमान छूने की बात हो। उन्होंने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने खेलकूद प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक भागीदारी हो, के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि मैदान में हार और जीत खेल का एक हिस्सा है, ऐसे में इस प्रतिस्पर्धा के युग में खुद को साबित करने के लिए ऐसी स्पर्धाओं का हिस्सा बनना चाहिए।



सिरसा। प्रतियोगिता में भाग लेती महिलाएं।

**विभिन्न स्पर्धाओं के ये रहे परिणाम:** म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में सुमन रानी प्रथम, सीमा देवी द्वितीय तथा शकुंतला तृतीय स्थान पर रही। साथ ही 100 मीटर दौड़ में संतोष प्रथम, सोनिया रानी द्वितीय तथा प्रोमिला तृतीय स्थान पर रही। इसी तरह 300 मीटर दौड़ में सीमा प्रथम, कर्मपाल कौर द्वितीय तथा मंजीत कौर तृतीय स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ में पूजा प्रथम, हरमन द्वितीय तथा मंजू तृतीय स्थान पर रही।

---

### मोटरसाइकिल को मारी टक्कर

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, भाई की भी इलाज के दौरान गई जान

**रतिया।** क्षेत्र के ढाणी जल्लोपुर के पास हुए सडक़ हादसे में गांव खुम्बर निवासी 24 वर्षीय युवक दलीप की मौत हो गई। सडक़ हादसे की सूचना मिलते ही रतिया पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रतिया के नागरिक अस्पताल भिजवाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। नागरिक अस्पताल में मौजूद मृतक युवक के परिजनों ने बताया कि दलीप गांव माजरा में कपड़े की दुकान पर काम करता था। मंगलवार सुबह दलीप बाइक पर अपने दोस्त वीरू जिसका चंडीगढ़ पीजीआई में इलाज चल रहा है, को सुबह 5 बजे चंडीगढ़ की बस चढ़ा कर वापिस गांव जा रहा था। जैसे ही वह ढाणी जल्लोपुर के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसके मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। हादसे में दिलीप बाइक सहित सडक़ से नीचे जा गिरा और उसे काफी चोटें आई।



रतिया। ढाणी जल्लोपुर के पास दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल।

---

*12 फरवरी को होने वाली हड़ताल की सफलता पर किया मंथन*

## संसद कूच को लेकर अध्यापक संघ ने किया पांच टीमों का गठन, लगाई गई ड्यूटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया व अन्य शैक्षणिक संगठनों के आह्वान पर 5 फरवरी को किए जाने वाले संसद कूच में फतेहाबाद से भी अध्यापक बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। इसके अलावा ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 12 फरवरी की हड़ताल को भी कामयाब बनाने के लिए अध्यापक संघ ने तैयारियां पूरी कर ली है। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की बैठक खंड प्रधान दलवंती नैन की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन सचिव मुरारी लाल ने किया। बैठक में विशेष तौर पर जिला प्रधान राजपाल मिताथल, वरिष्ठ उपप्रधान डॉ नीतू डुडेजा, कार्यालय सचिव राधेश्याम, कैशियर राजेश गोठड़ा, राजेश डीईपी, मास्टर योगेन्द्र भूथन, व पूजा नागपाल उपस्थित रहे। बैठक में मिड-डे-मील के लिए स्कूल की मांग के अनुसार खाद्य सामग्री को समय पर भेजने, भेजी हुई सामग्री के साथ-साथ कीमत की सूची भेजने की मांग उठाई गई ताकि महीने के अंत में खर्च विवरण दर्शाने के लिए अध्यापकों को समस्या का सामना न करना पड़े।



**फतेहाबाद।** संसद कूच की तैयारियों को लेकर चर्चा करते अध्यापक संघ के पदाधिकारी।

#### टीमों का गठन

राजपाल मिताथल ने कहा कि संसद कूच में भी फतेहाबाद ब्लॉक से अध्यापक भाग लेंगे। संसद कूच को लेकर संघ द्वारा पांच टीमों का गठन किया गया। दरियापुर रूट पर राधेश्याम, भिरड़ाना रूट पर योगेन्द्र सिंह व राजेश कुमार, अयालकी रूट पर डॉ. नीतू डुडेजा, दलवन्ती, पूजा नागपाल, नागपुर रूट पर मुरारी लाल व बीघड़ रूट पर राजपाल मिताथल, हिजरावां रूट पर सुरजीत दुसाद राज्य आडिटर के नेतृत्व में टीमें बनाई गई। इन टीमों के साथ सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला, ब्लॉक व राज्य के पदाधिकारी भी शामिल होंगे ।

---

### कांग्रेस के सभी ब्लाकों का होगा पुर्नगठन

**फतेहाबाद।** कांग्रेस प्रदेश के सभी ब्लाकों का पुर्नगठन करने के बाद ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्ति करेगी। अभी तक कांग्रेस के एक ब्लाक में दो-तीन हलकों के गांव भी शामिल थे। अब ब्लाकों का गठन विधानसभा के अनुसार किया जाएगा। यानि कि जिस विधानसभा का ब्लाक होगा, उसमें उसी विधानसभा के गांव शामिल होंगे। यह खुलासा जिला कांग्रेस के अध्यक्ष अरविंद शर्मा ने किया है। मसलन फतेहाबाद जिला में 6 ब्लाक पड़ते हैं तो 6 ब्लाक अध्यक्ष है जबकि फतेहाबाद, रतिया व टोहाना में तीन शहरी अध्यक्ष है। ऐसे में जिले में अब तक कांग्रेस के 9 अध्यक्ष है लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

---

### प्रधान सिपाही शमशेर सिंह के आकस्मिक निधन पर भावभीनी श्रद्धांजलि

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने सीआईए फतेहाबाद में तैनात प्रधान सिपाही शमशेर सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। यह हृदयविदारक घटना आज तडके लगभग करीब 3 बजे उस समय घटित हुई, जब सीआईए फतेहाबाद पुलिस की टीम हिसार में ड्यूटी संबंधी रेड कर वापस लौट रही थी। रेड से वापसी के दौरान गांव ढंढूर के समीप पुलिस वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुःखद हादसे में प्रधान सिपाही शमशेर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और कर्तव्य निर्वहन के दौरान उन्होंने मौके पर ही अपने प्राणों की आहुति दे दी। इस दुर्घटना में वाहन चालक ईएचसी जसबीर सिंह भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका उपचार जारी है तथा उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि प्रधान सिपाही शमशेर सिंह एक अत्यंत कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं साहसी पुलिसकर्मी थे।



शमशेर सिंह

---

### पुलिस प्रशासन चेतावनी जारी, अवहेलना पर होगी कार्रवाई

## खाली पड़ी पुरानी इमारतें व खंडहर नहीं बनने दिए जाएंगे अपराध का अड्डा, प्रशासन सख्त

**फतेहाबाद।** जिलेभर में लंबे समय से खाली पड़ी पुरानी एवं खंडरनुमा इमारतों पर पुलिस द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी जारी की है कि किसी भी स्थिति में ऐसी इमारतों को असामाजिक तत्वों, अपराधियों अथवा अवांछनीय गतिविधियों का अड्डा नहीं बनने दिया जाएगा। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन द्वारा सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को कड़े आदेश दिए गए हैं कि अपने-अपने क्षेत्राधिकार में स्थित प्रत्येक खाली, जर्जर एवं खंडरनुमा इमारत की नियमित एवं सघन जांच सुनिश्चित की जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, उदासीनता अथवा आदेशों की अवहेलना पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा विशेष चैकिंग अभियान निरंतर चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों के दौरान प्रत्येक संदिग्ध एवं अनुपयोगी भवन की गहन जांच की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की आपराधिक, संदिग्ध अथवा अवैध गतिविधि को प्रारंभिक स्तर पर ही रोका जा सके।



**फतेहाबाद।** गुरूनानकपुरा में खाली पड़े मकानों की जांच करती पुलिस टीम।

#### मालिकों को नोटिस किया गया जारी

पुलिस द्वारा खाली भवनों एवं खंडरनुमा इमारतों से संबंधित मालिकों, किरायेदारों अथवा प्रभारियों को नोटिस जारी कर स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे तत्काल प्रभाव से भवनों की साफ-सफाई कराएं, नियमित निगरानी सुनिश्चित करें तथा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करें। चेतावनी दी गई है कि निर्देशों की अवहेलना किए जाने की स्थिति में संबंधित भवन को सील करवाने सहित कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस प्रशासन ने आमजन को भी सतर्क करते हुए अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई खाली पड़ी पुरानी इमारत अथवा खंडरनुमा भवन है, जहां किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि नजर आती हो, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

---

### रतिया में दुकानदार से बाइक सवार युवक से सोने की अंगूठियां छीनकर फरार

- शिकायत के आधार पर हो रही जांच

**रतिया।** शहर में बाईक सवार युवकों द्वारा एक इलेक्ट्रॉनिक दुकानदार से तीन सोने की अंगूठियां छीनने का समाचार है। इस बारे पीड़ित दुकानदार द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। सूचना मिलते ही पुलिस ने युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। दुकानदार का कहना है कि बाईक पर आए चार अज्ञात युवक उसे बातों में उसे बातों में उलझाकर अपने साथ ले गए और मारपीट कर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए। पुलिस को दी शिकायत में अग्रवाल कॉलोनी के बृजमोहन ने बताया कि उनकी शहर के भगत सिंह चौक के पास इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान है। दोपहर को करीब सवा एक बजे वह अपनी दुकान पर बैठा था। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार अज्ञात युवक उसकी दुकान के बाहर आए और उनसे बातें करने लगे। दुकानदार ने कहा कि इन युवकों ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया और किसी का पता पूछना शुरू कर दिया।

---

### अंबेडकर महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष ने बैठक में जताया रोष

## यूजीसी कानून पर रोक से खफा एससी और बीसी के लोगों ने सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

यूजीसी कानून पर रोक लगाना संविधान में दिए सामाजिक समानता के मौलिक अधिकारों के खिलाफ मनुवादी सोच है। सुप्रीम कोर्ट ने जातिवादी वर्गों के विरोध के दबाव में मनुवादी सोच के वशीभूत अपने ही दिए गए आदेश को पलटने का काम किया है। यह बात अनुसूचित जाति अंबेडकर महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष शम्मी रत्ती ने फतेहाबाद में प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कही। प्रदर्शनकारी यूजीसी कानून पर सुप्रीम कोर्ट की रोक के विरोध व यूजीसी कानून के समर्थन में अनुसूचित जाति अंबेडकर महासभा और पिछड़ा वर्ग कल्याण महासभा के संयुक्त तत्त्वाधान में राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त विवेक भारती को ज्ञापन देने पहुंचे थे। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए शम्मी रती ने कहा कि विरोध करने वाले वही लोग हैं जो देश के संविधान का भी विरोध करते हैं और उन्होंने कभी भी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सामाजिक समानता परक व जातिवहीन समाज की सोच को स्वीकार नहीं किया है।



**फतेहाबाद।** यूजीसी कानून के समर्थन में उपायुक्त विवेक भारती को ज्ञापन सौंपते हुए अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के लोग। फोटो : हरिभूमि

---

**योगाभ्यास** | जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा के निर्देश में लगाया गया शिविर

*12 योग आसनों से बनता है शरीर का सही संतुलन*

## सूर्य नमस्कार अभियान : सिरढ़ान और बनावाली गांव के सरकारी स्कूलों में करवाया योग का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

हरियाणा सरकार व हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में चलाए जा रहे 30 दिवसीय सूर्य नमस्कर अभियान के तहत आज भट्टू क्षेत्र के गांव सिरढ़ान और बनावाली के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा व जिला योग समन्वयक डॉ. भारती चौहान के निर्देशानुसार आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्वजीत जांगड़ा के मार्गदर्शन में आयोजित इन कार्यक्रम में आयुष योग सहायक सतवीर सिंह ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का प्रशिक्षण दिया। विद्यालय के अध्यापकों व विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार व योग प्राणायाम को प्रतिदिन दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।



**भट्टूकलां।** गांवों में विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाते आयुष योग सहायक सतवीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

#### सूर्य नमस्कार से शरीर रहता है स्वस्थ

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आयुष योग सहायक सतबीर सिंह ने बताया कि आज की तेज रफ्तार जीवनशैली में लोग अपने स्वास्थ्य के लिए समय नहीं निकाल पा रहे हैं। ऐसे में सूर्य नमस्कार एक सरल, प्रभावी और पूर्ण योग अभ्यास है, जो कम समय में पूरे शरीर को स्वस्थ रखने में सहायक है। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार 12 योग आसनों का क्रम है, जो शरीर, मन और आत्मा—तीनों को संतुलित करता है। नियमित रूप से सूर्य नमस्कार करने से शरीर की मांसपेशियां मजबूत होती हैं, रीढ़ की हड्डी लचीली बनती है और पाचन तंत्र बेहतर होता है। यह हृदय और फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ाने में भी मदद करता है। मानसिक रूप से सूर्य नमस्कार तनाव, चिंता और थकान को दूर करता है। इससे एकाग्रता बढ़ती है और मन शांत रहता है। सुबह सूर्य की ओर मुख करके सूर्य नमस्कार करने से शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। सतबीर सिंह ने बताया कि रोज 10-12 बार सूर्य नमस्कार करने से वजन नियंत्रित रहता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सभी के लिए यह लाभकारी योग अभ्यास है। उन्होंने स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को योग युक्त नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प भी दिलवाया व प्रतिदिन दिनचर्या में सूर्य नमस्कार व योग प्राणायाम के अभ्यास को शामिल करने की